सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 कार्तिक 8, गुरुवार, शाके 1947–अक्टूबर 30, 2025 अंक 31
Vol. 77 Kartika 8 , Thursday, Saka 1947–October 30, 2025 No. 31

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं कमला पत्नी तनवीर सिंह जाट निवासी आंटा पोस्ट सियाणी तहसील रामसर जिला बाड़मेर निम्नलिखित तथ्यों को सशपथ बयान करती हूँ :–

1. कि मेरी पुत्री भानुप्रिया जो अवयस्क है मैं उसकी माता हूँ और संरक्षक हूं।
2. कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
3. कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेजात में माता का नाम भूलवश कमला देवी दर्ज हो गया है।
4. कि अब मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेजों में भानुप्रिया की माता का नाम कमला दर्ज करवाना चाहती हूं। जो कि दस्तावेजों अनुसार सही व वास्तविक है।
5. कि अब मेरी पुत्री की माता का नाम भविष्य में कमला के नाम से जानी व पहचानी जायेगी एवं पढा, लिखा व समझा जावे।
6. कि मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेजात, अन्य दस्तावेजों, अभिलेखों, व्यवहार आदि में उसकी माता का नाम कमला दर्ज करने बाबत् शपथ पत्र दे रही हूं।

इति दिनांक :– 09.09.2025 कमला

सत्यापन

मैं, कमला पत्नी श्री तनवीर सिंह जाट निवासी आंटा पोस्ट सियाणी तहसील रामसर जिला बाड़मेर आज बमुकाम बाड़मेर सत्यापित करती हूँ कि शपथ–पत्र में वर्णित पद संख्या 01 से 06 तक मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है इसमें मैंने कोई तथ्य छिपाया नहीं है और न ही कोई तथ्य गलत दर्ज करवाया है अतः भगवान मेरी मदद करे।

इति दिनांक :– 09.09.2025 कमला

ATTESTED
CHENARAM CHOUDHARY
09-09-2025
NOTARY
CHOHTAN (BARMER).
18188

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।